# 'तिरंगा लहराएंगे, पर्यावरण का संरक्षण करेंगे'

■ लोकसभा अध्यक्ष बिरला के नेतृत्व में बूंदी के नागरिकों ने संकल्प लिया

**बूंदी** (निसं)। बूंदी के नागरिकों के लिए रविवार की सुबह बेहद विशेष रही। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में लोगों ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए हर घर तिरंगा लहराने और पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही बूंदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सामूहिकता से कार्य करने की भी पहल की। मां भारती के जयकारों से गूंज रहे उत्सव मैरिज गार्डन में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को राष्ट्र ध्वज तिरंगा भेंट कर ''हर घर तिरंगा'' अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन 75 वर्षों में देश ने प्रगति के कई सौपान तय किए, लेकिन अब भी एक बड़ी यात्रा बाकी है।

आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तो पूरे देश को उन शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेनी होगी जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। युवा उम्र में जब अनेक आशाएं और अभिलाषाएं होती हैं तब उनके मन में अंग्रेजो से मुकाबला कर देश को को आजाद कराने का जज्बा था। हम जितना उनके बारे में जानते हैं, हमारे मन में उनके प्रति श्रद्धा उतनी ही बढ़ती है। आज इस अमृत काल में सामाजिक कार्यकर्ताओं के मन में भी देश को देने की भावना होनी चाहिए। उनमें वंचित-अभावग्रस्त वर्ग के लोगों के जीवन को बदलने की ललक होनी चाहिए। हम खुशकिस्मत हैं जो आजाद भारत में पैदा हुए। इससे समाज में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। गरीब व्यक्ति के जीवन में प्रकाश लाने का दायित्व बढ़ जाता है।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**तिरंगा पहुंचाकर बनाएं अपनत्व का रिश्ता:-** लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हर घर-हर भवन पर तिरंगा लहराए। सामाजिक कार्यकर्ता यह राष्ट्रीय ध्वज हर व्यक्ति तक पहुंचाएं और उसे ससम्मान लहराने के लिए प्रेरित करें। यह तिरंगा हमें नई ऊर्जा प्रदान करता है। तिरंगे से प्रेरित होकर हम जिस घर तक पहुंचे वहां अपनत्व का रिश्ता बनाएं। उसके सुख-दुख में साझीदार बनें

**लक्ष्य बनाकर करना होगा काम:-** बिरला ने सामाजिक कार्यकर्ताओं से कहा कि यह देश के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का समय है। हमें स्वयं तय करना होगा कि देश और समाज को हम क्या दे सकते हैं। हम अपने आसपास के स्कूल बेहतर बना सकते हैं, हम खेल मैदानों की दशा सुधार सकते हैं। हम अपने आसपास स्वच्छता अभियान चला सकते हैं। ऐसे अनेक काम हैं तो हम हाथ में लेकर सामूहिकता से काम करेंगे तो देश में बड़ा बदलाव आएगा।

**घर-घर जाकर लोगों को अभियान से जोड़ें:-** बूंदी विधायक अशोक डोगरा ने संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा 130 करोड भारतीयों के गौरव प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान किसी दल विशेष का अभियान नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान हम सभी एक सूत्र में बंधकर इस अभियान को सफल बनाने का प्रयास करें। विधायक ने सामाजिक कार्यकर्ताओं व युवाओं से शहर में प्रत्येक परिवार तक तिरंगा पहुंचाने और प्रभात फेरी के माध्यम से अभियान की जानकारी देने का आव्हान किया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष छीतर लाल राणा ने भी संबोधित किया।

# 'ब्राह्मण समाज आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार देकर देश व समाज को आगे बढ़ायें'




गुर्जर गौड ब्रह्मण समाज द्वारा सावन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**झालावाड** (निसं)। गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित पवित्र अमृत सावन माह के पावन अवसर पर रविवार को ब्रहम घाट स्थित समाज के भगवान मदनमोहन जी के मन्दिर परिसर में सावन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ नगर अध्यक्ष राजेन्द्र जोशी महिला अध्यक्ष मंजू शर्मा ने महर्षि गौतम के ज़्रित्र पर पुष्पहार चढाकर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर महिलाओ की और से नृत्य की प्रस्तुती की गई एंव मंच पर लहरिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समाज की महिलाओ ने बढ चढ कर भाग लिया वही सावन क्वीन प्रतियोंगिता का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओ ने सजधज कर विशेष श्रृंगार किया गया निर्णायक मण्डल के ज्योति जोशी कुसुम शर्मा द्वारा सावन क्वीन प्रतियोगिता में तरूणा तिवारी को चुना गया जिनको समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र जोशी और मंजू शर्मा ने सावन क्वीन का ताज पहनाया गया।

वही लहरिया प्रतियोगिता में कमलेश गौतम को प्रथम द्वितीय स्थान में नेहा शर्मा ,प्रज्ञा व्यास और उमा शर्मा को दिया गया। उस अवसर पर महिला मण्डल की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया गया संरक्षक हेमबाला शर्मा मंजू शर्मा अध्यक्ष महासचिव कुसुम शर्मा सांस्कृतिक सचिव तरूणा तिवारी कमलेश गौतम दीपिका शर्मा उपाध्यक्ष लता तिवारी रजनीबाला व्यास ने शपथ ली।

इस अवसर पर महिला मण्डल की अध्यक्ष मंजू शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते कहा कि हमारा समाज शिक्षित है हम समाज में एकता के साथ हमारें आने वाली पीढी को अच्छे संस्कार देकर समाज को आगे बढाते हुए देश को आगे बढाकर देंश का गौरव बढाने मे योगदान दे। इस अवसर पर समाज के संरक्षक ललित शर्मा महामंत्री प्रेम तिवारी, विश्वास जोशी, कोषाध्यक्ष बिरधीचन्द शर्मा, भण्डार प्रभारी बालगोविन्द शर्मा, वैभव जोशी, दीपक गौतम, महिला मण्डल की अध्यक्ष मंजू शर्मा, दुर्गेश नन्दनी, लता तिवारी, पिंकी जोशी, मनीषा जोशी ,रजनी बाला व्यास ने झूला झूले व भजन किर्तन किया सावन महोत्सव मनाया। कार्यक्रम का संचालन कुसुम शर्मा ने किया।

## राखी, नारियल एवं मिठाई के दाम बढ़े

**छबड़ा** (निसं)। करीब दो साल के कोरोना काल के बाद इस बार रक्षाबंधन पर अपने भाईयों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने को लेकर उत्साहित बहनों के उत्साह को त्योहार पर काम आने वाली सबसे जरूरी चीजों के बड़े हुए दाम परेशान कर रहे हैं। रक्षाबंधन का पर्व नजदीक आने के साथी ही बाजार में राखियों की दुकानें तो सज गई है। लेकिन उनमें मिलने वाली राखियों के दाम इस बार बीस से पच्चीस प्रतिशत तक बढ़ गए है। वहीं नारियल और मिठाई के दाम भी तेजी से बढ़ रहे है। हालत यह है की सामान्य दिनो में 12 से 15 रुपए में मिलने वाला नारियल बीस रुपए तक पहुंच गया है, जबकि रक्षाबंधन पर्व के दिन इसकी 25 से 30 रुपए तक पहुंचने की संभावना है। त्योहारी सीजन में मावे के दामों में बढ़ोतरी का असर मिठाई पर पड़ा है।

# हत्या के आरोप में आजीवन कारावास

**झालावाड़** (निसं)। विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण झालावाड घनश्याम शर्मा ने शनिवार देर शाम सुनाये गए निणर्य में ग्राम फदानिया तहसील खानपुर निवासी शोभाराम बद्रीलाल जाति मीणा की हत्या के आरोप में द्वारकालाल पुत्र रंगलाल जाति मीणा निवासी फदानिया को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास तथा दस हजार रूपया अथर्दण्ड से दण्डित किया। अदम अदायगी अथर्दण्ड अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगताने की सजा सुनाई। साथ ही आर्म्सएक्ट की धारा 4/25 के अपराध के लिये दो वर्ष के कारावास तथा पांच हजार रुपये अथर्दण्ड व अदम अदायगी अथर्दण्ड 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगताने तथा सभी सजा साथ-साथ चलने का आदेश दिया।


विशिष्ट लोक अभियोजन मोहम्मद तनवीर आलम ने बताया कि 13 अप्रेल 2019 को ग्राम फदानिया के माल में घनश्याम मीणा पुत्र परमानन्द के खेत में मृतक शोभाराम की लाश खुन में लथपथ पडी हुई मिली थी जिसके सर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार के चोट के निशान थे। मृतक के पुत्र जितेन्द्र उर्फमुकेश ने मौके पर पुलिस को लिखित रिपोर्टदी कि कल दिनांक 12 अप्रेल 2019 कि मैं, मेरी मम्मी मोरबाई व मेर पत्नी गैंहू निकालने के लिये खेत पर गए हुए थे , घर पर मेरे पिताजी व बहन इन्द्राबाई थी। इन्द्राबाई ने बताया कि रात को दस बजे करीब गांव के रघूवीर पुत्र धन्नालाल व द्वारकीलाल मेरे पिता जी बुला कर ले गए थे। गेहूं व सरसौ की फसल बेची थी उसकी रकम भी उन्ही के पास थी।

द्वारका व रघूवीर ने ही मेरे पिता जी हत्या की है। इस रिपोर्टपर पुलिस थाना खानपुर ने हत्या का मुकदमा दर्जकर अनुसंधान किया। प्रकरण परिस्थितिजन्य साक्ष्य का था। इस घटना का कोई चश्मदीद साक्षी नहीं था। पुलिस ने अनुसंधान में रघूवीर का हत्या करने में लिप्त नही होना मानते हुए द्वारकालाल व अन्य व्यक्ति राजू उर्फराजेन्द्र पुत्र नैनालाल जाति मीणा निवासी फदानिया के विरूद्ध आरोपपत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट खानपुर के न्यायलाय में पेश किया जो सेशन न्यायालय झालावाड में कमिट हुआ। बाद में न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण झालावाड में स्थानान्तरित हुआ जहॉ अभियोजन पक्ष की ओर से 20 गवाह पेश कर 41 दस्तावेजात पेश करवाये।

पुलिस ने अनुसंधान मे मुलजिमान की निशानदेही से खुन लगी गडासी बरामद की थी। एफएसएल रिपोर्टमें मृतक के कपडो व मुलजिमान से बारामद गण्डासी पर मानव रक्त पाया गया था। पोस्टमाटर्म सुबह 11 बजे हुए था जिसमें हत्या 12 घण्टे के भीतर होना बताया गया था। अन्तिम बार मृतक शोभाराम मुलजिम द्वारका के साथ जीवित देखा गया था , इसके बाद सुबह 7-8 बाजे उसकी लाश खेत पर मिली थी। इस आधार पर न्यायायल ने अभियुक्त द्वारकालाल को दोषी माना किन्तु परिस्थिति जन्यसाक्ष्य पर आधारित कैस होने से राजू उर्फराजेन्द्र के विरूद्ध कडी से कडी जोडने वाली , पयार्प्त साक्ष्य नही होने मानते हुए बरी कर दिया।

# एनएसयूआई ने चुनावी बिगुल बजाया

**झालवाड़** (निसं)। एनएसयूआई ने जिला कांग्रेस कार्यालय में मीटिंग का अयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रभारी दुष्यंत शर्मा रहे और अध्यक्षता समाज कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष मीनाक्षी चंद्रावत खानपुर विधानसभा प्रत्याशी सुरेश गुर्जर ने की प्रभारी दुष्यंत शर्मा ने बताया कि चुनाव की घोषणामुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने की उसके लिए युवा शक्ति की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हैं और एनएसयूआई का सीधा मुकाबला यहां की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया और सांसद दुष्यंत सिंह से है और हमारी एनएसयूआई झालावाड़ कांग्रेस के नेतृत्व मैं इस बार जिले के सभी कॉलेज जीतने के लिए तैयार है हमारी छात्र शक्ति हर कॉलेज में तैयारियां कर रहे हैं और हम पूरी ताकत से चुनाव लडेंगे और कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा की पूरी झालावाड़ की कांग्रेस एनएसयूआई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है मिनाक्षी चन्द्रावत ने कहा की एनएसयूआई के साथियों के साथ पूरी ताकत से छात्र संघ चुनाव के लिए तैयार है सुरेश गुर्जर ने कहा की पिछले कई सालों से में कॉलेज चुनाव करवाता आ रहा हूं। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष वसीम अकरम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एकजुट होकर पूरी ताकत से के चुनाव के अंदर जाना है हर गांव गांव हर मोहल्ले तक हमें छात्र-छात्राओं को एनएसयूआई से जोडना है।



**आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से सीआई के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। सीआई राजेश मीणा ने बताया कि उनके नेतृत्व में कावड़ यात्रा, मुहर्रम, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस आदि पर कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धरनावदा चौराहा, आजाद सर्किल, अलीगंज बाजार, मैन चौराहा, मलंगशाह बाबा की दरगाह के रास्ते होते हुए नागेश्वर पहाड़ी तक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस जवान मौजूद रहे।**

## रक्तदान कर बालिका का जीवन बचाया

**बूंदी** (निसं)। मानव सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश खोईवाल ने बताया कि बूंदी के बच्चा वार्ड में भर्ती खून की कमी से गंभीर बीमार गरीब 12 वर्षीय बीमार बालिका को 1 यूनिट ए पॉजिटिव रक्त की सख्त जरूरत थी। बूंदी ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव रक्त समाप्त होने की वजह से रक्त की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। बालिका की माँ ने मानव सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश खोईवाल के फोन कर मदद करने को कहा इस पर खोईवाल द्वारा रघुवर हॉस्पिटल के एम डी डॉ. लक्ष्मण गुर्जर को मामले की गंभीरता से अवगत कराया तो डॉ.लक्ष्मण गुर्जर ऑपरेशन थिएटर से सीधे ब्लड बैंक पहुंचे और 30 वीं बार अपना दुर्लभ ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव रक्तदान कर बीमार बालिका का जीवन बचाया। इस प्रकार हम समय समय पर हमारे बाल काटते हैं नाखून काटते हैं, और यह वापस बढ़ जाते हैं ठीक उसी प्रकार हमें रक्तदान भी नियमित रूप से करना चाहिए हमारा रक्त भी 3 माह में वापस बढ़ जाता है।

# गायत्री मंत्र के साथ पौधे रोपे, पेड़ बनने तक संरक्षण का प्रण किया

**बूंदी** (निसं)। गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ रविवार से बूंदी में पौधारोपण महाभियान प्रारंभ हो गया।

लोक सभा अध्यक्ष बिरला के नेतृत्व में बूंदी के प्रबुद्धजनों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, उद्यिमयों, विद्यार्थियों के साथ सभी वर्गों के लोगों ने खेल संकुल परिसर में पौधे लगाए और पेड़ बनने तक उनके संरक्षण का प्रण किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि आज अवसर है जअ हम यह संकल्प लें कि बूंदी शहर और यहां के हर गांव को हरा-भरा बनाना है। बूंदी शौर्य और पराक्रम की धरती है। यहां की वीरता की गाथाएं सदैव से प्रेरणा की स्त्रोत रही हैं। लेकिन अब हमें बूंदी को पर्यावरण संरक्षण के दृष्टि से प्रेरणा का केंद्र बनाना है। त्योहार मानने से घर बनाने तक हर कार्यक्रम में पौधारोपण को आयोजन का भाग बनाना होगा। उन्होंने कहा कि देश में आज आजादी के अमृत महोत्सव का उत्साह है। यह समय स्वाधीनता संग्राम के दौरान हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के जज्बे से प्रेरणा लेकर नए भारत के निर्माण का समय है।

हमें ऐसा भारत बनाना है जो दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हो। इसके लिए सामूहिकता और एकजुटता से काम करना होगा। बिरला ने कहा कि भारत अध्यात्म और संस्कृति की धरती है। हमारी परम्पराएं ऐसी हैं जहां हम प्रकृति के प्रत्येक अंश की पूजा करते हैं। पर्यावरण संरक्षण हमारे संस्कारों में है। यही वजह है कि अनेक ऐसे उदाहरण है जब पर्यावरण की रक्षा के लिए अनेक लोगों ने अपना बलिदान तक दे दिया।

**जीवन भर के लिए हो पर्यावरण संरक्षण का संकल्प:-** बिरला ने कहा कि दुनिया आज जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित है। लेकिन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। इसके बाद भी हमें इस दिशा में काफी काम करने की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमें प्रतिबद्धता के साथ काम करना होगा। हमारा संकल्प एक दिन का नहीं बल्कि जीवन भर को होना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दें।

**दोहराया बूंदी के विकास का वादा:-** बिरला ने कहा कि बूंदी के विकास की दिशा में संकल्पशक्ति के साथ काम कर रहे हैं। यहां काफी काम स्वीकृत हो चुके हैं। कुछ और कामों को जल्द स्वीकृति मिल जाएगी। पर्यटन के विकास के लिए पैलेस ऑन व्हील का संचालन प्रारंभ होने के बाद उसके बूंदी में ठहराव का निर्णय हो चुका है। बूंदी के किलों और बावड़ियों पर फसाड लाइटस लगेंगी जिससे इनका स्वरूप और भव्य हो जाएगा।

**खेल संकुल बनेगा राजस्थान का प्रमुख खेल केंद्र:-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बूंदी विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि लोक सभा अध्यक्ष बिरला के प्रयासों से स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों के लिए खेल संकुल आदर्श स्थान बनेगा। पहले बिरला ने यहां 20 करोड़ रूपए की खेल सुविधाएं स्वीकृत करवाई। अब पौधारोपण के माध्यम से इसे हराभरा भी बना रहे हैं। यह स्थान लोगों को प्रकृति और खेल, दोनों निकट ले जाएगा।

# रामेश्वर महादेव धाम पर श्रीमद्भागवत कथा जारी

**बूंदी** (निसं)। दबलाना रामेश्वर महादेव धाकड समाज के द्वारा रामेश्वर महादेव धाकड समाज की धर्मशाला चल रही 32 वी श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

कथा व्यास पं. श्री शिवलहरी गौतम द्वारा नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने के साथ आयोजन स्थल का पूरा माहौल भी नंदोत्सव के रंग में पूरी तरह से रंग गया।नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा।भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर से थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आंनन्द उजागर किया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों के बीच खूब मिठाई, टॉफीयां और बधाईयां बांटी गयी। कथा प्रसंग में कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं।

व्यासजी महाराज ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे है. उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती।वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही है साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं आज की कथा के दौरान वामन अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया।महाराजश्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ सदा हर पल खडे रहते हैं. वे भक्तों के हाथों से दी प्रेम और भाव के साथ दी गई वास्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पत्र और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया।

भगवान ने काल रुपी मकर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आये।यह सारी कथाएं ये प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहनेवाले भगवान भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं. ठाकुरजी सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे। ठाकुरजी अपने भक्त से ये भी कहते हैं कि मुझे, वो वस्तु अर्पित कर, जो मैंने तुझे कभी नहीं दी. ठाकुरजी कहते हैं- ऐसी कोई वस्तु जो मैंने तूझे नहीं दी, वह अहंकार है. यह मैंने तूझे नहीं दिया। बल्कि तूने खुद इसे अपने भीतर तैयार किया है।महाराजजी ने कहा भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी है. मेरे पास अपना कुछ भी नहीं जो कुछ भी है सो मेरे ठाकुर जी का ही है।

गजेंद्र मोक्ष पाठ की महिमा बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि जो भी यह पाठ करता है. उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है. संकट उस पर सपने में भी नहीं आते. माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पडेगी. महाराजजी ने कहा कि जीवन में सब कुछ जरूरी है पर एक मर्यादा के अंदर सभी हो तो तभी तक सब ठीक है। महाराजजी ने समुंद्र मंथन से जुडी कई रोचक कथाएं सुनाई। उन्होंने कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है. ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुंद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे.

भगवान के वामन अवतार को तीन कदम आश्रय स्थली दान में देने के बाद राजा बलि को पाताल लोक की शरण लेनी पडी। इसलिए कुछ भी करो, सोच समझ कर करो, जो कुछ भी तोल-मोल कर बोलो, मीठा और मधुर बोलो।इसके उपरांतआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

# गणेश महोत्सव समिति की बैठक आयोजित

**बून्दी** (निसं)। शहर के देवपुरा स्थित ग्रीन वैली रिसोर्ट में रविवार को गणेश महोत्सव समिति की बैठक महोत्सव समिति अध्यक्ष व पूर्व सभापति महावीर मोदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में 31 अगस्त को गणेश महोत्सव मनाने को लेकर चर्चा की गई। महोत्सव समिति के वरिष्ठ सदस्य रोशन भड़कतिया ने वर्ष 2019 में निकाली गई शोभायात्रा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । उपस्थित सदस्यों ने महोत्सव को भव्यता देने के लिए अपने अपने विचार प्रकट किए । महोत्सव समिति अध्यक्ष मोदी ने शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए अपने विचार रखते हुए कहा कि शोभायात्रा में बैंड बाजे , हाथी घोड़े , महिला कलश , आकर्षक झांकियां शोभा यात्रा का आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से गणेश महोत्सव समिति संयोजक महावीर जैन को चुना गया। सह संयोजक संजय शर्मा , जितेंद्र मीणा , प्रदीप हरसोरा व पेंशु सिंह को चुना गया। बैठक के दौरान महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए समितियो का भी गठन किया गया। जिसमें अर्थ संग्रह समिति मैं विजयंत सिंह आमेरा, केसी वर्मा, मनमोहन अजमेरा, विनोद जोशी, नितेश शर्मा, प्रदीप श्रीमाल, टीकम जैन, हर्षवर्धन भटनागर, अनिल चतुर्वेदी, राजेश शेरगढ़िया , राजकुमार श्रंगी , महेंद्र जैन, अनिल शर्मा को सदस्य बनाया गया। शोभायात्रा साज सज्जा समिति में अशोक शेरगढ़िया, संजय तारवान , लोकेश दाधीच , मनीष सिसोदिया, करण शंकर सैनी , दिनेश राठौर को मनोनीत किया। महिला कलश समिति में विनोद सिंह, मोनिका शेरगढ़िया , बबीता दाधीच को बनाया गया। बैठक शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए आकर्षक झांकियों को लेकर भी चर्चा की गई।

# अंडर 11 व अंडर 13 आयु वर्ग बालक बालिकाओं का ट्रायल हुआ



खिलाड़ियों के साथ जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**बूंदी** (निसं)। जिला बैडमिंटन संघ के तत्वधान में आज डिस्ट्रिक्ट क्लब बूंदी में अंडर 11 अंडर 13 आयु वर्ग बालक बालिकाओं की चयन ट्रायल राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप उदयपुर में आयोजित होने जा रही प्रतियोगिता के लिए संपन्न हुई है।

जो चयन ट्रायल का शुभारंभ जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष एडवोकेट अजय नुवाल ने उपस्थित खिलाडियों को शुभकामनाएं देकर व देश में बैडमिंटन खेल की बढ़ती लोकप्रियता एवं विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों की स्वर्णिम सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए किया।

जानकारी देते हुए संघ के सचिव गुरु दत्त शर्मा ने बताया कि इस ट्रायल में काफी तादाद में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उत्साह से भाग लेने आए जिनकी ट्रायल शारीरिक शिक्षक जगदीश सिंह हाडा, दीपिका पाराशर, पीयूष जांगिड, राजू पावा, रणधीर सिंह राठौड, मुकेश दाधीच द्वारा गेम खिलवा कर करवाई गई जिसमें अंडर 13 बालक वर्ग में लव प्रताप सिंह राठौर, दिव्यांश गौतम, लविश मीणा वही अंडर 13 बालिका वर्ग में आशिया दाधीच, पूर्वी जैन जबकि अंडर 10 बालक वर्ग में परीक्षित जांगिड़, उदित जैथलिया दूरवीर सिंह धाबाई ,पार्थ जैन वही अंडर 10 बालिका वर्ग में वानिश्री जांगिड,जीनियस दाधीच का चयन किया गया।

नुवाल ने सभी खिलाडियों को अवगत करवाया की आगामी 23 से 28 अगस्त को राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप उदयपुर हेतु खिलाडी जिला बैडमिंटन संघ के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन राजस्थान बैडमिंटन संघ को भेजकर अपनी प्लेयर आईडी प्राप्त कर ले जो खिलाडी के लिए जिला और राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए आवश्यक है इसके अभाव में खिलाडियों को भाग लेने से रोका जा सकता है अंत में सचिव गुर्जर शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## मोहर्रम पर्व के चलते लंगर का आयोजन

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में मोहर्रम के चलते मुस्लिम समाज, शिया दाउदी बोहरा समाज व शिया ईरानी समाज द्वारा विशेष इबादते की जा रही है, साथ ही लंगर पका कर खिलाए जा रहे व सबिले लगाकर शरबत पिलाया जा रहा है। मोहर्रम पर्व मुस्लिम समाज द्वारा पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासों की शहादत की याद में मनाया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क़स्बे में इन दिनों मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा मोहर्रम पर्व के चलते विशेष इबादते की जा रही। साथ ही रोज़े भी रखा जा रहे है। वही, यहां अलग-अलग युवाओं की टोलियों द्वारा लंगर पका कर लोगो को खिलाया जा रहा है। अलीगंज में इंडियन ग्रुप व अलीगंज मोहल्ले के युवाओं द्वारा खीचड़ा बनाकर तक़सीम किया गया तथा ज़ोहरीपुरा मोहल्ला में बाबरी लश्कर टीम द्वारा ज़ोहरीपुरा मदरसे में लंगर बनाया गया। पार्षद आदिल सालारग़ाज़ी ने बताया कि मोहल्ले के युवाओं द्वारा लंगर बनाकर खिलाया गया जिसमे लगभग डेढ़ हजार लोगो ने शिरकत की। साथ ही शिया दाउदी बोहरा समाज द्वारा भी पिछले 9 दिनों से मोहर्रम की मजलिस पढ़ी जा रही है। शिया दाउदी बोहरा समाज कमेटी के सदस्य मोइज़ अकबर बोहरा ने बताया कि 9 दिनों से मोहर्रम की मजलिस पढ़ी जा रही थी। मजलिस पढ़ाने के लिए दुबई से आये हुए मुल्ला असगर बोहरा ने मजलिस पढ़ाई तथा रविवार को मोहर्रम आशूरा पर जोहर की नमाज़ के बाद यूसुफ असगर बोहरा ने दुआ करवाई।